हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 11 मार्च 2026

04 नपा परिसर में महिला शक्ति ने एक दूसरे को रंग...

07 हार्वेस्टर से कटाई पर प्रतिबंध व दंडात्मक...




# देवकीनंदन ठाकुर बोले: सनातन बोर्ड का हो गठन, प्राचीन विजय मंदिर में हिंदूओं को मिले पूजा का अधिकार, मेहगांव तक निकाली भव्य पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मंगलवार को माधवगंज में हिंदू संगठन के तत्वावधान में सनातन एकता यात्रा और धर्मसभा का आयोजन किया गया। धर्मसभा में कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने मुख्य वक्ता के रूप में सनातन बोर्ड के गठन, मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने और विदिशा के विजय मंदिर में हिंदुओं को पूजा का अधिकार देने की मांग उठाई। कार्यक्रम के बाद शहर में सनातन एकता यात्रा भी निकाली गई, जो कि मुख्यबाजार होते हुए मेहगांव पहुंची।

माधवगंज पर धर्मसभा को संबोधित करते हुए देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि युवाओं और बच्चों तक सनातन के संस्कार उसी भाषा और माध्यम से पहुंचाने होंगे, जिसे वे आसानी से समझ सकें। उन्होंने बच्चों को खेलकूद के साथ-साथ धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों से भी जोड़ना आवश्यक बताया। माधवगंज पर आयोजित धर्मसभा के बाद सनातन एकता यात्रा निकाली गई। इस कार्यक्रम में कथावाचक पं अंकितकृष्ण शास्त्री बटुक महाराज सहित शहर के कई सनातन धर्मावलंबी उपस्थित रहे।

- धर्मशभा में शहर के प्रमुख मंदिरों के महंत हुए शामिल।


विदिशा। माधवगंज से निकाली गई सनातन एकता यात्रा में सैकड़ों की संख्या में शहर के लोग हुए शामिल।

### सनातन बोर्ड व विजय मंदिर में पूजा की मांग

अपने संबोधन में उन्होंने सनातन से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए जिनमें प्रमुख है सनातन बोर्ड का जल्द गठन किया जाए। कृष्ण जन्मभूमि से संबंधित मामलों का शीघ्र समाधान हो। विदिशा प्राचीन विजय मंदिर में हिंदुओं को पूजा का अधिकार दिया जाए। बेतवा नदी की स्वच्छता और संरक्षण के लिए प्रशासन ठोस कदम उठाए।

### मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने अपील



देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि समाज में मॉडर्न गुरुकुल, गौशालाएं और निशुल्क अस्पताल बनने चाहिए। इसके साथ ही मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से पूरी तरह मुक्त किया जाना चाहिए। उन्होंने युवाओं को सुबह-शाम भगवान का स्मरण करने, गीता का पाठ करने, माता-पिता का सम्मान करने और नशामुक्त जीवन अपनाने का संदेश भी दिया।

### इंदौर में 12 से 15 मार्च तक 'सनातन प्रीमियर लीग'

युवाओं को धर्म से जोड़ने के उद्देश्य से उन्होंने इंदौर में आयोजित होने वाली 'सनातन प्रीमियर लीग' क्रिकेट प्रतियोगिता की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस चार दिवसीय आयोजन (12 से 15 मार्च) में देशभर से चयनित करीब 125 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। क्रिकेट जैसे लोकप्रिय खेल के माध्यम से युवाओं को नशे व अन्य बुराइयों से दूर रखने का प्रयास किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लिए जिले में विशेष अभियान शुरू

**विदिशा।** जिले में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं को लाभ दिलाने के लिए 9 से 18 मार्च तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर जिले के 2385 आंगनबाड़ी केंद्रों में सर्वे और पंजीयन किया जाएगा, ताकि छूटे हुए हितग्राहियों को जोड़ा जा सके। जिला कार्यक्रम अधिकारी विनिता लोढ़ा ने बताया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता डोर-टू-डोर सर्वे कर पात्र महिलाओं का पंजीयन करेंगी। वहीं बैंक खातों की आधार सीडिंग और ई-केवाईसी के लिए शिविर भी लगाए जाएंगे, ताकि सभी पात्र महिलाओं को मातृत्व सहायता राशि का लाभ मिल सके।

### जनसुनवाई में 89 का मौके पर निराकरण

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने मंगलवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 147 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 89 का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया, जबकि शेष आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में आवास, भूमि विवाद, राजस्व प्रकरण, पेयजल, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, बिजली व खाद्य विभाग से जुड़ी समस्याएं सामने आईं। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

### लाडली बहनों को भेजे जा रहे हैं पोस्टकार्ड

**विदिशा।** मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के अंतर्गत विदिशा जिले में एक नवाचार किया गया है। फरवरी 2026 में 575 महिलाओं के खातों में डीबीटी सक्रिय न होने, खाता बंद होने या अन्य तकनीकी कारणों से योजना की राशि नहीं पहुंच पाई थी। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में अब इन महिलाओं को पोस्टकार्ड भेजकर भुगतान असफल होने के कारणों की जानकारी दी जा रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा ने बताया कि महिलाओं को बैंक में जाकर खाते की स्थिति सुधारने की सलाह दी जा रही है, ताकि आगामी किश्त की राशि समय पर मिल सके।

### रामरती शर्मा का निधन

**विदिशा।** जिला सहकारी बैंक नटेरन के शाखा प्रबंधक सुशील शर्मा एवं सुनील शर्मा की माताजी



रामरती शर्मा का सोमवार की शाम निधन हुआ। मंगलवार को गांधीनगर कॉलोनी स्थित निवास से उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई। रामरती शर्मा वृंदावन प्रसाद शर्मा की पत्नी थीं। मंगलवार को बेतवा तट मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार हुआ। जहां बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## टेक्नोलॉजी की मदद से ट्रैकिंग कर मालिकों को लौटाए मोबाइल

# मिशन मोबाइल रिकवरी: पुलिस ने 1.50 करोड़ रु. के 603 मोबाइल खोज निकाले

**2025 से अब तक 3.72 करोड़ के 1715 मोबाइल बरामद**

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विदिशा पुलिस द्वारा संचालित मिशन मोबाइल रिकवरी अभियान के अंतर्गत गुम एवं चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद कर उन्हें उनके वास्तविक मालिकों तक पहुंचाया जा रहा है।

मंगलवार को पुलिस ने बरामद मोबाइलों को लेकर पत्रकार वार्ता की। इसी दौरान कई लोगों को उनके मोबाइल लौटाए गए। इससे पहले भी पुलिस सैकड़ों लोगों को उनके गुम हुए मोबाइल लौटा चुकी है। आधुनिक तकनीक और समन्वित प्रयासों के चलते पुलिस को इस अभियान में बड़ी सफलता मिल रही है। फरवरी 2026 के दौरान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से 603 गुम एवं चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। इन मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत लगभग 1 करोड़ 50 लाख 75 हजार बताई गई है। पुलिस द्वारा इन मोबाइलों को सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से ट्रैक कर बरामद किया गया और अब उन्हें उनके वास्तविक मालिकों को वापस किया जा रहा है। विदिशा पुलिस ने मोबाइलों की बरामदगी केवल जिले तक सीमित नहीं रखी, बल्कि मध्यप्रदेश के कई जिलों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, राजस्थान और बिहार जैसे अन्य राज्यों से भी मोबाइल ट्रेस कर बरामद किए हैं। यह उपलब्धि पुलिस की तकनीकी दक्षता और अंतरराज्यीय समन्वय का उदाहरण है। पुलिस महानिदेशक मप्र कैलाश मकवाना के निर्देशानुसार तथा पुलिस महानिरीक्षक भोपाल (देहात) जोन संजय तिवारी और उप पुलिस महानिरीक्षक (देहात) रेंज भोपाल राजेश सिंह चंदेल के मार्गदर्शन में एसपी रोहित काशवानी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे के नेतृत्व में अभियान संचालित किया जा रहा है।



विदिशा। मप्र ही नहीं अन्य राज्यों से भी पुलिस ने लोगों के गुम हुए मोबाइल बरामद कर वास्तविक मालिकों को सौंपे।

### पुलिस ने इस तरह की मोबाइल की रिकवरी

वर्ष 2025-26 में मोबाइल रिकवरी के तहत कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की गई हैं। फरवरी 2025 में 310 मोबाइल (62 लाख), जून 2025 में 527 मोबाइल (1 करोड़ 5 लाख), अक्टूबर 2025 में 275 मोबाइल (55 लाख 16 हजार) तथा फरवरी 2026 में 603 मोबाइल (1 करोड़ 50 लाख 75 हजार) बरामद किए गए। इस प्रकार वर्ष 2025-26 में अब तक कुल 1715 मोबाइल फोन, जिनकी कुल कीमत लगभग 3 करोड़ 72 लाख 91 हजार है, उनके वास्तविक मालिकों को वापस किए जा चुके हैं।

### 100 मोबाइल बरामद किए

फरवरी माह में सायबर सेल द्वारा सर्वाधिक 100 मोबाइल बरामद किए गए, जबकि कोतवाली, बासौदा शहर, सिविल लाइन, बासौदा देहात, सिरोंज सहित अन्य थानों की भी इस अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# अब वीडियो कॉलिंग से की जाएगी अधिकारियों की क्रॉस मॉनिटरिंग

**लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर के निर्देश कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराने पर दिया जोर**

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने मंगलवार को विभागों में लंबित आवेदनों की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी अधिकारी नियमित रूप से अपने कार्यालयों में उपस्थित रहकर आमजन के आवेदनों का त्वरित समाधान करें, ताकि नागरिकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने बताया कि प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी और अनुशासित बनाने के लिए बुधवार से वीडियो कॉलिंग के माध्यम से अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति की क्रॉस मॉनिटरिंग की व्यवस्था लागू की जाएगी। इस नई व्यवस्था से कार्यालयों में अनुशासन बढ़ेगा और कार्यों के निष्पादन की गति भी बेहतर होगी।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग से जुड़े विषयों की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले के सभी कुपोषित बच्चों को अनिवार्य रूप से पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में भर्ती कराया जाए। साथ ही वहां भर्ती बच्चों को सुपोषण किट उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए, ताकि उनके स्वास्थ्य में शीघ्र सुधार हो सके।

### भ्रमण पर निकलें तो आंगनबाड़ी जरूर जाएं

कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि जब भी वे अपने कार्यक्षेत्र का भ्रमण करें, तो आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण अवश्य करें। निरीक्षण के दौरान बच्चों को मिलने वाले पोषण आहार, सुविधाओं और व्यवस्थाओं की स्थिति का जायजा लिया जाए, ताकि सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। बैठक में खाद्य विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने पात्रता पर्ची के आधार पर हितग्राहियों को वितरित किए जा रहे खाद्यान्न की स्थिति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों को समय पर खाद्यान्न मिले और वितरण व्यवस्था पारदर्शी रहे। कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित इस बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएमएमयू, उपार्जन कार्य, नल-जल योजनाएं, पीएम जनमन, खाद एवं बीज की आपूर्ति की समीक्षा की गई।

### जिले में गैस टंकियों की आपूर्ति बाधित नहीं होनी चाहिए: अपर कलेक्टर डामोर

**हरिभूमि न्यूज . विदिशा।** जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति सुचारु बनाए रखने के लिए अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने खाद्य विभाग के अधिकारियों और गैस एजेंसी संचालकों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के किसी भी क्षेत्र में गैस टंकियों की आपूर्ति बाधित नहीं होनी चाहिए तथा उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर उपलब्ध कराए जाए। बैठक में गैस सिलेंडरों की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था और उपभोक्ताओं को मिलने वाली सेवाओं की समीक्षा की गई। अपर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि गैस एजेंसियां बुकिंग के अनुसार ही समय पर सिलेंडर की डिलीवरी दें। बिना बुकिंग के वितरण न किया जाए। घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग पर सख्ती बरतने और व्यावसायिक सिलेंडरों की आपूर्ति शासन के नियमों के अनुसार करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में गैस कंपनियों के प्रतिनिधि वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शामिल हुए।

### बालाजी पिंक सिटी में हुई शिवलिंग और मां जगदंबा की प्राण-प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

बालाजी पिंक सिटी कॉलोनी के नवीन मंदिर में शिवलिंग नंदी महाराज एवं मां जगदंबा की प्राण प्रतिष्ठा का तीन दिवसीय आयोजन हुआ। अंतिम दिन यज्ञ की पूर्णा आहुति के साथ भंडारा हुआ। यज्ञाचार्य रघुवीर प्रसाद दुबे ने प्राण प्रतिष्ठा कराई। मुख्य यजमान के रूप में अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा की प्रदेशाध्यक्ष नीतू लोधी और प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर सुनील लोधी मुख्य यजमान रहे। भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।



### नाबालिग के अपहरण का आरोप परिजनों ने एसपी से लगाई गुहार

**हरिभूमि न्यूज . विदिशा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम सौंथर निवासी दांगी परिवार ने 16 वर्षीय किशोरी के अपहरण का आरोप लगाते हुए एसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। परिजनों का कहना है कि अहमदपुर निवासी एक युवक 3 मार्च को किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। परिवार ने बताया कि घटना की शिकायत सिविल लाइन थाने में की गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मामले को लेकर परिवार के सदस्यों ने पुलिस से जल्द किशोरी को बरामद करने और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं एसपी रोहित काशवानी ने सिविल लाइन थाना टीआई को मामले की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# एसएटीआई कॉलेज में श्रीमंत माधवराव सिंधिया की जयंती उत्साह से मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

एसएटीआई कॉलेज में श्रीमंत माधवराव सिंधिया की जयंती राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में विभिन्न सेवा गतिविधियों के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन डायरेक्टर डॉ. वाईके जैन के मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत गोपालकृष्ण गौशाला में गायों को घास खिलाकर की गई, जिसमें महाराजा जीवाजीराव एजुकेशन सोसायटी के सचिव डॉ. लक्ष्मीकांत मरखेड़कर सहित छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इसके बाद सिंधिया जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। स्वयंसेवकों द्वारा मानव सेवा न्यास में निःसहाय लोगों को भोजन वितरित कर सेवा भाव का परिचय दिया गया। शाम को भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने प्रस्तुतियां दीं। डॉ. लक्ष्मीकांत मरखेड़कर ने सिंधिया जी




के साथ बिताए अनुभव साझा किए, जबकि डॉ. वाईके जैन ने उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रो. केजी किरार सहित प्राध्यापक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## नवाचार आधारित प्रोजेक्ट्स के लिए प्रत्येक छात्र को मिलेंगे 10 हजार

# ओलम्पस के 3 छात्रों का इंस्पायर अवार्ड के लिए चयन

***सागर रोड स्थित ओलम्पस हाई स्कूल के तीन विद्यार्थियों का विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित इंस्पायर अवार्ड योजना में नवाचार के लिए चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों को अपने प्रोजेक्ट विकसित करने के लिए प्रति छात्र 10 हजार की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।***

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

इंस्पायर योजना के तहत अवार्ड के लिए ओलम्पस स्कूल के तीन विद्यार्थियों का चयन हुआ है।

इस योजना के अंतर्गत इंस्पायर अवार्ड मानक (मिलियन माइंड्स ऑगमेंटिंग नेशनल एस्पिरेशन एंड नॉलेज) कार्यक्रम के माध्यम से कक्षा 6 से 10 तक के 10 से 15 वर्ष आयु वर्ग के विद्यार्थियों को विज्ञान और नवाचार की दिशा में प्रोत्साहित किया जाता है। इस कार्यक्रम का संचालन नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन-इंडिया (एनआईएफ) द्वारा किया जा रहा है।

इस योजना का उद्देश्य स्कूली विद्यार्थियों में रचनात्मकता और नवीन सोच को बढ़ावा देना है, ताकि विज्ञान और समाज के लिए उपयोगी नए विचार सामने आ सकें। इसी उद्देश्य के तहत ओलम्पस हाई स्कूल के तीन विद्यार्थियों के नवाचारों का चयन किया गया है। कक्षा 7 के छात्र अभी रघुवंशी ने इनोवेटिव सेफ स्कूल डेस्क, कक्षा 6 के छात्र अनंजय सिंह ने इनोवेटिव ग्रेन विनोइंग मशीन तथा कक्षा 10 की छात्रा वरुधि नेमा ने स्ट्रीट वेंडर्स के लिए इनोवेटिव बास्केट ट्रॉली जैसे प्रोजेक्ट तैयार किए हैं।

इन प्रोजेक्ट्स को विकसित करने के लिए प्रत्येक छात्र को 10 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। चयनित विद्यार्थी अपने नवाचारों को आगामी जिला स्तरीय प्रदर्शनी में प्रस्तुत करेंगे। स्कूल संचालक मोहित रघुवंशी एवं डायरेक्टर प्राची रघुवंशी ने कहा कि ऐसे नवाचार विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच और रचनात्मकता को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। चयनित विद्यार्थियों को स्कूल प्रबंधन ने बधाई दी।


अनंजय सिंह


अभि रघुवंशी


वरुधि नेमा

**स्कूल संचालक मोहित रघुवंशी और अकादमिक डायरेक्टर प्राची रघुवंशी ने विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट्स की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।**

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3560
उच्चतम भाव-5516
सरसों
न्यूनतम भाव -3500
उच्चतम भाव- 6910
चना
न्यूनतम भाव -4200
उच्चतम भाव- 5480
मसूर
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-7050
गेंहू
न्यूनतम भाव-1900
उच्चतम भाव-3070
मक्का
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-1551
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-3385
धान
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-4050
बटरी
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-4475
धनिया
न्यूनतम भाव-8000
उच्चतम भाव-12100
उड़द
न्यूनतम भाव-6006
उच्चतम भाव-6006
तुअर
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-7250

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मंडी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मंडी में 14220 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### युवक ने लगाई फांसी

**गंजबासौदा।** गत दिवस ग्राम भड़ेरू निवासी 44 वर्षीय राजकुमार यादव ने अपने घर पर अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव बरामद करते हुए मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

### तरुण खटीक हत्याकांड के विरोध में सौंपा ज्ञापन



**गंजबासौदा।** नगर के खटीक समाज ने दिल्ली में हुए तरूण खटीक हत्याकांड के विरोध में ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि तरूण की नृशंस हत्या से पूरे समाज में रोष है। ज्ञापन में मांग की गई है कि इस हत्याकांड में शामिल दोषियों के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाए। दोषियों पर सख्त धाराओं में प्रकरण दर्ज कर शीघ्र गिरफ्तारी की जाए। जब तक पीडित पक्ष को न्याय नहीं मिलता तब तक समाज आवाज उठाता रहेगा। इस दौरान बडी संख्या में लोग मौजूद थे।

### नौलखी मंदिर में हुआ फाग महोत्सव, रघुवंशी महापरिषद महिला इकाई ने मनाया होली मिलन समारोह


# नपा परिसर में महिला शक्ति ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर मनाया होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा









मंगलवार को नगरपालिका कार्यालय परिसर में नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव के नेतृत्व में समस्त महिला पार्षद एवं नगरपालिका में कार्यरत महिला कर्मचारियों, नपा महिला सफाई कर्मियों, नगर की महिला शक्ति के साथ सामुहिक रुप से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान रंग, गुलाल से जमकर होली खेली गई, डीजे की धुन पर नृत्य करते हुए एक दूसरे को रंग, गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी गईं। इस दौरान नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, एसडीएम अनुभा जैन, एसडीओपी शिखा भलावी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अंजली यादव सहित विभिन्न वार्डों की महिला पार्षद तथा विभिन्न संगठनों की महिला पदाधिकारी, महिला शक्ति मौजूद रहीं। इस दौरान महिलाओं के बीच प्रतियोगिताएं भी हुईं और उन्हें पुरस्कृत भी किया गया।

वहीं सोमवार की रात फाग महोत्सव में स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर के आंगन में उपस्थित दृश्य को देखकर ऐसा लगा मानो अवध और ब्रज की होली एक साथ उतर आई हो। सीताराम नाम संकीर्तन से शुरू हुआ फाग महोत्सव धीरे-धीरे उस भक्तिरस में बह निकला, जिसमें पहले पहर में राम की मर्यादा के फाग गूंजे तो दूसरे पहर में राधा-कृष्ण की ब्रज होरी की मस्ती छा गई। फागुन के रंग और होली के उल्लास के बीच बुंदेलखंड की परंपरागत संस्कृति का अनूठा स्वरूप नगर के स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर में आयोजित हुए फाग महोत्सव में तब देखने को मिला, जब फाग और रसिया के बुंदेली लोकगीतों की मधुर धुनों ने पूरे वातावरण को भक्ति और उल्लास से सराबोर कर दिया। मंदिर में सोमवार की रात फागुन की सुगंध और भक्ति के रंगों से सराबोर एक अद्भुत फाग महोत्सव संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सीताराम नाम संकीर्तन के साथ हुआ और फिर धीरे-धीरे यह आयोजन अवध की मर्यादा से आगे बढ़ते हुए ब्रज की रसमयी होली में डूबता चला गया। जैसे-जैसे रात गहराती गई, वैसे-वैसे संगीत की स्वर लहरियाँ वातावरण को और अधिक भक्तिमय बनाती रहीं।





हारमोनियम के मधुर स्वर, ढोलक की थाप, मंजीरों की खनक और झांझर की गूंज के साथ ब्रज और बुंदेली लोकगीतों के साथ फूलों की होरी की ऐसी फाग बही कि पूरा मंदिर परिसर मानो भक्ति और उल्लास की सुगंध से महक गया हो पूरा मंदिर परिसर कई क्विंटल फूलों की पंखुड़ियों से बिछ गया। फाग महोत्सव की शुरुआत के पहले पहर में अवध की मर्यादा और श्रीराम के आदर्शों से ओतप्रोत फाग गूंजे, तो दूसरे पहर में वातावरण पूरी तरह ब्रज की मस्ती और राधा-कृष्ण की होली के उल्लास में डूब गया। इस दौरान बुंदेलखंड की गायन शैली के गम्मत प्रेमी और जिले के प्रसिद्ध लोक गायक पंडित नारायण महाराज की कोयल जैसी सुरीली और खनकती आवाज ने समा बांध दिया। उनकी गायकी, भावभंगिमा और फागुन की मस्ती से भरी प्रस्तुति में उनका अंग-अंग थिरक रहा था। फाग में अवध की मर्यादा और ब्रज की मस्ती का संगम फाग महोत्सव में नारायण महाराज और उनकी फाग मंडली के कलाकारों ने पारंपरिक बुंदेली वाद्य यंत्रों के साथ जब राम के मर्यादा पुरुषोत्तम स्वरूप का गुणगान करते हुए फाग गाए, तो वातावरण श्रद्धा और भक्ति से भर गया। गीतों में श्रीराम के आदर्श जीवन, त्याग, मर्यादा और धर्म के संदेश को बड़े ही भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया।

ज्यों ही हारमोनियम के सुर उठे और ढोलक की थाप गूंजी, मंदिर परिसर में बैठे श्रद्धालुओं के कंठ से फाग की धुन फूट पड़ी खेले रघुवीरा अवध में फाग, संग सिया लखन भरत सुखदायक लाग, इन सुरों में रामभक्ति की मर्यादा और श्रद्धा का भाव ऐसा झलका कि वातावरण राममय हो उठा। फूलों की होली के बीच जब रसिया गूंजे दूसरे पहर में कृष्ण की ब्रज होली और राधा-कृष्ण की रसभरी लीलाओं पर आधारित रसिया गीतों की बारी आई।"आज बिरज में होरी रे रसिया, राधा संग खेले श्याम"और इनके रंग में ना रंग जइयो, इनने दुनिया रंग दई रे.."रंग डार गए कान्हा बृजवारे,भींज गई चुनरिया मोरी प्यारे" जैसे पारंपरिक बुंदेली रसिया गीतों पर कलाकारों की प्रस्तुति ने पूरे माहौल को रंग और उमंग से भर दिया और ऐसा लगा मानो वृंदावन की गलियां ही नौलखी मंदिर के आंगन में उतर आई हों। ढोलक, झांझ और मंजीरे की ताल पर गाए गए इन गीतों ने उपस्थित भक्तों, श्रोताओं को ब्रज की होली की झलक का अनुभव कराया। मंदिर में फाग महोत्सव के समापन तक का नजारा ऐसा था मानो किसी को भांग का नशा नहीं, बल्कि भक्ति और फागुन की उमंग का रंग चढ़ा हुआ हो। बच्चे, बुजुर्ग, युवा और महिलाएं सभी ताली बजाते, झूमते और "होरी है होरी है" के जयघोष में सराबोर दिखाई दिए। फाग महोत्सव के समापन पर उपस्थित भक्तों श्रद्धालुओं में श्री सीताराम संकीर्तन मंडल की ओर से जलेबी और मंगोड़ी की प्रसादी का भोग वितरित किया गया।

वहीं अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय महापरिषद की महिला इकाई द्वारा स्थानीय बरेठ रोड स्थित दादजी प्लाजा में होली मिलन एवं फाग उत्सव का आयोजन किया गया। समाज की महिलाओं ने फाग गीतों, फूलों और गुलाल के साथ होली के रंग बिखेरे, वहीं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेकर प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी का संदेश भी दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर नन्ही बालिका वैभवी रघुवंशी ने अपनी आकर्षक नृत्य प्रस्तुति से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। इसके बाद फाग गीतों की मधुर धुनों पर महिलाओं ने उत्साहपूर्वक नृत्य कर होली की पारंपरिक लोक संस्कृति को जीवंत कर दिया। फूलों और गुलाल से खेली गई होली ने पूरे वातावरण को प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के रंगों से सराबोर कर दिया। उत्सव के दौरान महिलाओं और बच्चों के लिए विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। हंसी-खुशी और उमंग से भरे इस आयोजन में फाग गीतों की गूंज ने माहौल को पूरी तरह होलीमय बना दिया। होली के उल्लास और परंपरा के कार्यक्रम के बीच आयोजन में सामाजिक चेतना का संदेश देने के लिए मातृशक्ति ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

रघुवंशी समाज की मातृशक्ति ने निर्णय लिया कि पूजा-पाठ की सामग्री को नदियों में प्रवाहित कर जल स्त्रोतों को प्रदूषित नहीं किया जाएगा, बल्कि उस सामग्री को खेतों में डालकर अथवा खाद बनाकर गमलों में उपयोग किया जाएगा, जिससे प्रकृति और जल स्त्रोतों का संरक्षण हो सके। कार्यक्रम के दौरान संगठन के जिला अध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी भी अल्प समय के लिए उपस्थित हुए। उन्होंने समाज की बहनों से विवाह जैसे आयोजनों में होने वाले अनावश्यक खर्च पर नियंत्रण रखने तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया। इस अवसर पर संगठन की प्रदेश संगठन मंत्री सरिता रघुवंशी, जिलाध्यक्ष रिंकी रघुवंशी, ज्योति रघुवंशी, राज कुमारी, सिया रघुवंशी, राज कुमारी सहित जिला एवं नगर के पदाधिकारी एवं मातृशक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

## राज्य स्तरीय शिविर में नवांकुर का छात्र चयनित


हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




नवांकुर इकाई के स्वयंसेवक प्रिंस रैकवार का चयन राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के लिए किया गया है। इस शिविर का आयोजन चित्रकूट जिला सतना में दिनांक 8 से 14 मार्च तक किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश भर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के चयनित स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। इस शिविर की संगठन व्यवस्था अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के द्वारा की जा रही है।

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के समन्वयक अनन्त कुमार सक्सैना तथा राष्ट्रीय सेवा योजना मुक्त इकाई प्रभारी राहुल सिंह परिहार के नेतृत्व में यह शिविर आयोजित किया जा रहा है। रासेयो प्रभारी अभिषेक मिश्रा ने बताया कि विदिशा के एसएटीआई कॉलेज में साक्षात्कार उपरांत प्रिंस रैकवार का चयन इस शिविर के लिए किया गया। प्रिंस रैकवार शिविर में भाग लेने हेतु चित्रकूट पहुंच चुके हैं। शिविर के माध्यम से स्वयंसेवकों को नेतृत्व के गुणों को सीखने का मौका मिलेगा। इस अवसर पर जिले के राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक प्रवीण कुमार जगा, नवांकुर विद्यापीठ के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित सहित संपूर्ण विद्यालय परिवार ने प्रिंस को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

### रात्रि के समय हुई कार दुर्घटना, एक की मौत



**गंजबासौदा।** बीती रात्रि को पचमा रोड गुलमोहर कालोनी के पास एक वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घनाग्रस्त हो गया। जिसमें एक युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार विद्युत कंपनी की है। जिसका एक टायर फट गया। जिससे कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे उतरकर पलट गई। कार में सवार पांच लोगों में एक की मौत और शेष के घायल होने की खबर मिली है।

## राष्ट्रीय सुरक्षा व साइबर सुरक्षा पर किया जागरुक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में राष्ट्रीय सुरक्षा एवं साइबर सुरक्षा विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन प्रभारी प्राचार्य, डॉ खुमेश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को वर्तमान डिजिटल युग में साइबर खतरों के प्रति सचेत करना तथा राष्ट्र की सुरक्षा में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीओपी शिखा भलावी के द्वारा सरस्वती पूजन कर किया गया। नोडल अधिकारी व्यक्ता अहिरवार ने छात्राओं को संबोधित करते हुए डिजिटल साक्षरता के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम की प्रभारी डॉ. रागनी वर्मा ने एक विशेष जागरूकता केंद्रित वीडियो के माध्यम से सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं को प्रदर्शित किया।

मुख्य अतिथि एसडीओपी शिखा भलावी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए स्थानीय प्रशासन और पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली तथा राष्ट्रीय सुरक्षा में नागरिक उत्तरदायित्वों पर विस्तार से प्रकाश डाला। छात्राओं को साइबर अपराधों जैसे फिशिंग, ऑनलाइन फ्रॉड, सोशल मीडिया सुरक्षा से बचने के व्यावहारिक तरीके बताए गए। राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के उपलक्ष्य में छात्राओं के बीच एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने अपनी कला के माध्यम से देश के प्रति अपनी संवेदनाओं और सुरक्षा संदेशों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. रागनी वर्मा ने कार्यक्रम के सफल संचालन में सहयोग देने हेतु सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ और अधिक से अधिक संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। यह कार्यक्रम छात्राओं के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी रहा।

### 13 मार्च को प्रदेश भर में मुख्यमंत्री के नाम सौंपे जाएंगे ज्ञापन

## लोक शिक्षण भोपाल की कार्यशैली से शिक्षकों में आक्रोष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एक अन्य संदर्भ में दिए गए निर्णय की आड़ लेकर शिक्षकों को प्रताड़ित करने का एक और बहाना शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों को मिल गया है। संचालक लोक शिक्षण भोपाल ने विधिसम्मत प्रक्रिया का पालन किए बगैर यह फरमान जारी कर दिया कि 27 वर्ष तक की सेवा करने के बाद भी यदि आगे नौकरी करना है तो TET (शिक्षक पात्रता परीक्षा) में पास होना ही होगा। संचालक लोक शिक्षण के उक्त आदेश से मध्यप्रदेश के समूचे शिक्षक संवर्ग में भारी रोष व्याप्त है और शासकीय शिक्षक संगठन ने संचालक लोक शिक्षण के उक्त आदेश के विरोध में 13 मार्च को समूचे मध्यप्रदेश में जिला स्तर पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर विरोध प्रकट करने का निर्णय लिया है। विदिशा में शाम के समय ईदगाह चौराहा पर एकत्रित होकर कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

उक्त विधिविरूद्व प्रक्रिया के विरोध में मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन, मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन, प्रमुख सचिव विधि, प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा, प्रमुख सचिव आदिम जाति कल्याण विभाग एवं आयुक्त लोक शिक्षण भोपाल को पत्र लिखकर शासकीय शिक्षक संगठन मध्यप्रदेश के प्रान्ताध्यक्ष राकेश दुबे ने ध्यान आकर्षित कराया है। शासकीय शिक्षक संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रथ्वी सिंह रघुवंशी ने बताया है कि मध्य प्रदेश के समस्त अध्यापक, माध्यमिक शिक्षक तथा प्राथमिक शिक्षक अपनी प्रथम नियुक्ति शिक्षाकर्मी एवं संविदा शिक्षक से होते हुए आए हैं जो कि सेवा की निरंतरता में हैं। शिक्षाकर्मी पद पर हुई इनकी नियुक्ति सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से हुई थी। इस प्रकरण में मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा नवीन संशोधित शिक्षा कर्मी भर्ती अधिनियम 1997 संलग्न कर जारी सेवा-शर्तों के आधार पर विधिवत रूप से भर्तियां की गई थीं। उक्त भर्ती अधिनियम एवं शिक्षाकर्मी भर्ती अधिनियम 1998 तथा अध्यापक भर्ती अधिनियम 2008 और राज्य शिक्षा सेवा संवर्ग नियम 2018 में वर्णित सभी सेवा शर्तों में इस तरह की TET परीक्षा को उत्तीर्ण करना कोई सेवा-शर्त राज्य शासन स्कूल शिक्षा विभाग या आदिम जाति कल्याण विभाग अथवा मध्य प्रदेश शासन के किसी अन्य विभाग द्वारा उल्लेखित नहीं की गई थी। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अपने आदेश में यह आदेशित किया है कि किसी भी कर्मचारी की भर्ती की सेवा-शर्तें एवं नियम उसकी नियुक्ति के बाद परिवर्तित नहीं की जा सकती हैं। शिक्षक संगठन के नवल सिंह, इन्दू लाड़, माधवी भाटिया, रितु सिंह, जेहरा खातून, रश्मि चौरसिया, रानी शर्मा, अमर सिंह तोमर, संजीव रघुवंशी एवं अन्य शिक्षकों ने इस आदेश को वापिस लेने की मांग की है।

## नि:शुल्क शिविर में हुआ 175 नेत्र रोगियों का परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



स्थानीय मिल रोड स्थित सद्गुरु विजन सेंटर पर स्व. श्री नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से प्रति मंगलवार को नेत्र शिविर का आयोजन किया जाता है। इस मंगलवार को आयोजित शिविर स्वर्गीय रामचंद्र राव अग्निहोत्री की पुण्य स्मृति में सेवा दिवस के रूप में लगाया गया। कैंप प्रभारी जीतू पाठक, लखन कुशवाह ने बीपी एवम शुगर की जाँच की। काउंसलिंग रणवीर सिंह बघेल ने की। इस अवसर पर वैधराज निहाल सिंह पंथी ने शुगर की आयुर्वेदिक दवाई का वितरण भी किया।


शिविर में डॉ. राजकरण वर्मा एवं डॉ. ब्रज शर्मा ने 175 से अधिक मरीजों की नेत्र जांच की और नेत्र रोगों से बचाव के उपाय बताए। 47 से अधिक मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए। शिविर में जिनको भी मोतियाबिंद की शिकायत मिली उनको भी ऑपरेशन क़े लिए आनंदपुर भेजा गया। कैंप प्रभारी जीतू पाठक के निर्देशन में काउंसलिंग टीम ने 26 चश्मों का वितरण किया। ट्रस्ट क़े मिलन बघेल ने 75 मरीजों को दवाइयां वितरित कीं। 27 मरीजों के चश्मे के नंबर निकाले गए। मरीजों की बीपी और शुगर जांच भी की गई। शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि ऐसे नेत्र शिविर ट्रस्ट के रवि उपाध्याय के मार्गदर्शन में और सद्गुरु स्वर्गीय रणछोड़दास महाराज की कृपा से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर लगाए जा रहे हैं।

कार्यक्रम में समाजसेवी गणेशराम रघुवंशी, डॉ. एके जैन, डॉ. राजकरण वर्मा, जगदीश अग्रवाल वरिष्ठ समाजसेवी रामकुमार शर्मा, सुरेंद्र भारद्वाज, हेमंत भंडारी, सेवादार साहूजी सहित कई समाजसेवी उपस्थित रहे। सभी ने कहा कि नेत्र रोगियों की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। कार्यक्रम के दौरान सरदार सिंह सिसोदिया ने अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में सुनील बाबू पिंगले ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में ग्रामीण क्षेत्रों में भी निःशुल्क नेत्र शिविर लगाए जाएंगे।

### आदेश स्थगित कर किसानों व हार्वेस्टर संचालकों को छूट की सिरोंज में मांग

# हार्वेस्टर से कटाई पर प्रतिबंध व दंडात्मक कार्रवाई के आदेश से किसानों में आक्रोश





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

जिले में बिना सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम युक्त हार्वेस्टर से फसल कटाई पर प्रतिबंध लगाने और दंडात्मक कार्रवाई के आदेश के खिलाफ सिरोंज में किसानों का आक्रोश सामने आने लगा है।

इसी कड़ी में किसान कांग्रेस ने किसानों के साथ तहसील कार्यालय पहुचकर तहसीलदार संजय चौरसिया को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर इस आदेश को अव्यावहारिक बताते हुए तत्काल स्थगित करने की मांग की। उन्होने कहा कि वर्तमान समय में जिले में गेहूं की फसल पूरी तरह पककर कटाई के लिए तैयार खड़ी है। ऐसे संवेदनशील समय पर यह आदेश लागू करना किसानों के लिए भारी मुसीबत खड़ी कर सकता है। साथ ही जिले में चल रहे अधिकांश हार्वेस्टर मशीनों में एसएमएस सिस्टम उपलब्ध नहीं है। यदि इसे लगवाया भी जाए तो इसमें कम से कम 15 से 20 दिन का समय लगेगा, जिससे फसल कटाई का कार्य बुरी तरह प्रभावित होगा।

## किसी बड़ी मार से कम नहीं यह अतिरिक्त खर्च

वही किसानों ने कहा कि एसएमएस सिस्टम से कटाई करने पर मशीन की गति लगभग आधी रह जाती है। जिससे कटाई में दोगुना समय और लगभग दोगुनी लागत आती है। पहले से ही आर्थिक दबाव झेल रहे छोटे और सीमांत किसानों के लिए यह अतिरिक्त खर्च किसी बड़ी मार से कम नहीं होगा। किसान ने प्रशासन को आगाह करते हुए कहा कि वर्तमान में मौसम भी अनिश्चित बना हुआ है। आंधी और बारिश की आशंका के बीच यदि कटाई में देरी हुई तो किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फिर सकता है और उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। कटाई के समय नवाई में नमी होने के कारण भूसा बनाने वाली मशीनें तुरंत संचालित नहीं हो पातीं, जिससे किसानों को अतिरिक्त व्यावहारिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उन्होने स्पष्ट किया कि वह पर्यावरण संरक्षण और नरवाई न जलाने के पक्ष में है, लेकिन बिना पर्याप्त तैयारी और संसाधन उपलब्ध कराए इस तरह का आदेश लागू करना किसानों के लिए संकट खड़ा कर सकता है।

## हार्वेस्टर संचालकों को दी जाए छूट

किसानों ने मांग करते हुए कहा कि इस आदेश को तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाए और कम से कम वर्तमान सीजन के लिए किसानों और हार्वेस्टर संचालकों को छूट दी जाए। साथ ही शासन स्तर पर एसएमएस मशीन पर अनुदान उपलब्ध कराया जाए और किसानों को इसे अपनाने के लिए पर्याप्त समय दिया जाए। किसानो ने प्रशासन से किसान प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर व्यवहारिक समाधान निकालने की भी मांग की। इस मौके पर बडी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### भारत सरकार की गर्भाशय ग्रीवा कैंसर रोकथाम की पहल

# छात्रावास की बालिकाओं को लगाई गई एचपीवी वैक्सीन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

भारत सरकार द्वारा गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की रोकथाम के लिए 14 वर्ष की बालिकाओं के लिए देशव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है। प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किया गया यह अभियान 3 महीने तक चलेगा। जिसका उद्देश्य बालिकाओं को कैंसर से सुरक्षा प्रदान करना और स्वस्थ नारी विज़न को आगे बढ़ाना है। तो वही स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा शासकीय कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास की बालिकाओं को वैक्सीन लगाई गई।

इस मौके पर छात्रावास अधीक्षिका श्रीमति रीना मालवीय ने बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण अभियान के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि एचपीवी टीकाकरण किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों से बचाने में एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच है। 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं को यह टीका लगवाना चाहिए, क्योंकि यह गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर को रोकने में 90 प्रतिशत तक प्रभावी है। यह टीकाकरण कैंसर-मुक्त भविष्य सुनिश्चित करने के लिए एक सुरक्षित, प्रभावी और आवश्यक उपाय है। यह वैक्सीन ह्यूमन पैपिलोमा वायरस से होने वाले कैंसर, जैसे सर्वाइकल कैंसर, वल्वा, योनि, और गर्दन के कैंसर से सुरक्षा प्रदान करती है। 9 से 14 वर्ष की लड़कियों को यह टीका लगाने से सबसे अधिक लाभ मिलता है क्योंकि वे अभी वायरस के संपर्क में नहीं आई होती हैं।

सरकार ने 9 से 14 साल की लड़कियों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर मुफ्त एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू किया है। अध्ययनों से पता चलता है कि यह टीका लगवाने वाली लड़कियों में सर्वाइकल कैंसर के मामलों में लगभग 90 प्रतिशत की कमी आती है। साथ ही बालिकाओं और माता-पिता को शिक्षित करने का उद्देश्य टीकाकरण की स्वीकार्यता बढ़ाना और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर से होने वाली मौतों को कम करना है। इस मौके पर बीएमओ डॉ नीरज पंथी सहित बडी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।

## आज से शुरू होगा तीन दिवसीय फाग लोकोत्सव



**सिरोंज।** नगर से कुछ ही किलोमीटर दूर स्थित ग्राम वीरपुर पंचायत चौड़ाखेड़ी में प्रतिवर्ष की भाँती इस वर्ष भी आज से तीन दिवसीय फाग लोकोत्सव का शुभारंभ होने जा रहा है। यह आयोजन 11 मार्च से 13 मार्च तक प्रतिदिन रात्रि 9 बजे से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में बुंदेली लोकगीत एवं बधाई नृत्य,राई की शानदार प्रस्तुतियाँ आयोजित की जाएगी। वही आयोजन समिति के अनुसार पहले दिन 11 मार्च को बब्लु रंगीला,नेहा दिशोंरिया की टीम द्वारा बुंदेली लोकगीत और राई नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। 12 मार्च को देशराज नरवरिया की टीम और 13 मार्च को जित्तू खरे बादल की टीम अपनी प्रस्तुति प्रस्तुत करेगी। इस मौके पर फाग लोकोत्सव के दौरान आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं और देर रात तक लोकगीतों एवं राई नृत्य का आनंद लेते हैं। आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी नागरिकों,संस्कृति प्रेमियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस लोक उत्सव को सफल बनाने की अपील की है।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह आयोजित, कई कार्यक्रमों का किया गया आयोजन

# भगवान श्रीराम की प्रतिमा भेंट कर किया महिलाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

संस्कार सेना एवं जनसंवेदना कल्याण समिति द्वारा होली मिलन एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में मातृशक्ति सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें संस्कार सेना के संस्थापक हरभजन जांगड़े एवं जन संवेदना कल्याण समिति के अध्यक्ष राधेश्याम अग्रवाल द्वारा उपस्थित माता-बहनों का शाल श्रीफल मेडल से सम्मान के साथ भगवान श्री राम की फोटो भेंट करते हुए आरती पूजन कर पुष्प वर्षा की गई। इस मौके पर संस्कार सेना की राष्ट्रीय सचिव अलका धुर्वे सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही। वही माता-पिता के सम्मान में कार्य कर रही संस्कार सेना की प्रशंसा करते हुए सभी पदाधिकारीयों एवं मातृशक्ति को बधाई दी गई। साथ ही आज के परिवेश में महिलाओं और मासूम बच्चियों के साथ घटित अप्रिय घटनाओं पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सभी महिलाएं अपने बच्चों को दूसरों की बहन बेटियों को अपनी बहन बेटियों के समान सम्मान की दृष्टि से देखने के लिए प्रेरित करें। आज हम सनातनी की बात करते हैं हिंदुत्व की बात करते हैं और अपने माता-पिता को वृद्ध आश्रमों में छोड़ रहे हैं आज जितने भी वृद्ध आश्रम है सब हमारे लोगों के हैं जबकि वही मुस्लिम धर्म को देखिए उनका एक भी वृद्ध आश्रम दुनिया में कहीं नहीं मिलेगा। वह कितनी भी गरीब स्थिति में हो लेकिन अपने माता-पिता को अपने साथ रखते हैं। हमें ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं की दिशा पर भी चिंतन करने की आवश्यकता है ग्रामीण आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में भी हम जाएं और वहां की महिलाओं का भी सम्मान करें।



# अब स्ट्रीट लाइट से जगमग होगा 6 किमी फोरलेन बायपास मार्ग

## स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य प्रारंभ, कम होंगी सड़क दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

4-5 वर्षों पूर्व नगर का लगभग 6 किलोमीटर लंबा फोरलेन 45 बायपास मार्ग निर्माण हुआ बायपास मार्ग निर्माण के बाद से ओवरब्रिज, अंडर ब्रिज और संपूर्ण मार्ग पर अंधकार बना रहता था। जिससे हमेशा मवेशियों की असमय मौत और घटना दुर्घटना होती रहती थी। एमपीआरडीसी, नगर परिषद के संयुक्त प्रयासों से फोरलेन 45 भोपाल जबलपुर मार्ग के 6 किलोमीटर बाईपास पर स्टेट लाइट और दो स्थानों पर हाई माक्र्स लाइट लगाने का कार्य शुरू हो गया है।

बरसों से नगर वासियों विभिन्न संस्थाओं और व्यापार महासंघ द्वारा बायपास मार्ग पर स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की जा रही थी। क्षेत्र के विधायक राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल द्वारा भी बायपास मार्ग पर स्टेट लाइट लगाने की आवश्यकता और एमपीआरडीसी से पत्राचार कर स्टेट लाइट लगाने कार्य को गति प्रदान की नगर परिषद द्वारा रखरखाव खर्च उठाने की गारंटी दिए जाने के बाद अब फोरलेन बायपास 6 किलोमीटर में स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य शुरू होना बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।



### नगर में अब सुंदरता, सुरक्षा और प्रकाश भी

फोरलेन 45 बाईपास पर अनेक ओवरब्रिज, अंडर ब्रिज है। रात्रि में अंधेरा बना रहने से घटना दुर्घटना और मवेशियों की मौत होने की घटनाएं होती रहती हैं। स्ट्रीट लाइट हाई माक्स लाइट लग जाने से वही मार्ग की सुंदरता बढ़ेगी वाहन चालकों को सडक़ पर डेरा जमाए रहने वाली मवेशिया भी दिखाई देगी। अंडर ब्रिज, ओवरब्रिज पर प्रकाश होने से वाहनों का आवागमन सहज सुलभ होगा।

# बाड़ी जनपद में सवा दो सौ ग्राम 106 ग्राम पंचायत इसके बाद नहीं दमकल

## बरेली - बाड़ी नगर परिषद की दमकल के भरोसे पूरा क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

गर्मी का सीजन शुरू हो गया है इसी के साथ क्षेत्र में आग लगने की घटनाएं होगी। परंतु बाड़ी जनपद जिसके अंतर्गत सवा दो सौ ग्राम एवं 106 ग्राम पंचायत आती हैं। ग्रामीण क्षेत्र में आग लगने की घटना होने पर बरेली बाड़ी की दमकलें घटनास्थल पर जाती है। 106 ग्राम पंचायत बाला विशाल क्षेत्र और लगा हुआ जंगल गेहूं की फसल काटने के बाद किसानों द्वारा मूंग की खेती के लिए नरवाई में आग लगा दी जाती है।

नरवाई की आग हवा के साथ ग्रामीण फसल वाले खेतों तक पहुंच कर पिछले वर्षों में भारी नुकसान पहुंचा चुकी है। बाड़ी जनपद जिसके अंतर्गत संपूर्ण बरेली बाड़ी तहसीलों का क्षेत्र आता है। लंबे समय से फायर ब्रिगेड की मांग बनी हुई है।

### जनपद में दमकल जरूरी

जब भी आगजनी की घटना होती हैं बाड़ी बरेली से फायर ब्रिगेड पहुंचने में समय लगता है। गर्मी के सीजन में ही सबसे अधिक आग लगने की घटनाओं से भारी नुकसान होता आया है। इसी कारण बाड़ी जनपद में ग्रामीण किसानों की सुरक्षा और सूचना पर तत्काल फायर ब्रिगेड पहुंचे इसके लिए बाड़ी जनपद में फायर ब्रिगेड होना जरूरी है।




### नरवाई जलाने पर प्रतिबंध

प्रतिवर्ष कलेक्टर रायसेन द्वारा गेहूं की नरवाई में आग लगने पर प्रतिबंध लगाया जाता है। प्रतिबंध लग जाता है परंतु नरवाई में आग लगाकर खेतों का कचरा साफ करने वालों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होती। गेहूं की फसल काटने के बाद जलती नरवाई और फैला धुंआ दिखलाई देता है। निचले स्तर पर प्रतिबंध का पालन करने की जिम्मेदारी न होने और उदासीनता से संपूर्ण क्षेत्र में खेतों में आग धधकती रात में दिखलाई देती रहती है।

# सिविल अस्पताल बरेली में प्रसूता महिलाओं और कुपोषित बच्चों को फूड किट वितरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

सरल महिला विकास समिति द्वारा प्रतिमाह सिविल अस्पताल पहुंचकर भरती प्रसूता महिलाओं कुपोषित बच्चों को फूड कीट एवं वस्त्र का वितरण कर सराहनीय सेवा कार्य किया जा रहा है।

नगर के नाहर परिवार द्वारा जरूरतमंदों की हमेशा मदद की जाती रही है। स्वर्गीय रतनलाल नाहर के पौत्र अजय नाहर एवं श्रीमती अर्चना नाहर द्वारा सेवा कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। सरल महिला विकास समिति की संचालक अर्चना नाहर संरक्षक अजय नाहर द्वारा सिविल अस्पताल में भर्ती प्रसूता महिलाओं एवं एनआरसी वार्ड में भर्ती कुपोषित बच्चों को फूट कीट वस्त्र इत्यादि का वितरण किया गया।

### नवाबी शासन में प्रवेश के लिए कराया था तीन दरवाजों का निर्माण


# तीन दरवाजों में से एक बचा, वह भी हो रहा खंडहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

जब नवाबी शासन के दौरान बरेली नगर की बसाहट हुई तब प्रवेश के लिए तीन दरवाजों का निर्माण कराया गया था। नगर की सुरक्षा के लिए बने इन तीन दरवाजों में से दो दरवाजे काल के गाल में समा गए अब उनके निशान मिलना भी कठिन है, परंतु बड़ा बाजार में पुराने बगलवाडा रोड, कसाई, जैन मोहल्ला जाने वाले मार्ग पर सैकड़ो वर्ष बाद भी एक बुलंद दरवाजा नगर का इतिहास बना हुआ है।

दरवाजे के दोनों और अतिक्रमण कर दुकानें बना लेने के साथ सैकड़ो वर्ष पुराना दरवाजा क्षतिग्रस्त और मरम्मत के अभाव में खंडहर होकर कभी भी गिर जाने की स्थिति में पहुंच रहा है।

नगर के प्रवेश के लिए एक विशाल दरवाजा छोटा और बड़ा बाजार को जोडऩे वाली घाटी पर था। दूसरा बुलंद दरवाजा वर्तमान सब्जी मंडी और पुरानी अदालत कन्या शाला थाने के पास था उक्त विशाल दरवाजे को 1996-97 में तोड़ दिया। और बगल में छायादार सब्जी मंडी का निर्माण नगर परिषद द्वारा कराया पुरानी इमारत भवन अब इतिहास बन गए। और इन सरकारी भूमियों पुराने भवनों पर अतिक्रमण कर दुकानों का निर्माण और परिवारों द्वारा निवास किया जा रहा है।



### जर्जर हुआ तीसरा बुलंद दरवाजा

बड़ा बाजार से जैन ,कसाई मोहल्ला और बगलवाडा रोड पर आज भी नवाबी शासन के दौरान सुरक्षा के लिए बना बुलंद दरवाजा सैकड़ो वर्ष बाद भी मजबूती के साथ खड़ा और इतिहास बना हुआ है। सैकड़ो वर्षों की वारिस आंधी झंझावातों को झेलते हुए दरवाजा क्षतिग्रस्त खंडहर हो रहा है। उस पर विभिन्न प्रकार के पेड़ झाडिय़ां ऊग आए हैं दरवाजे के आसपास की भूमियों पर अतिक्रमण दुकानों का निर्माण और ऐतिहासिक दरवाजे के प्रति बनी निरंतर उपेक्षा मरम्मत न किए जाने से जर्जर और खतरनाक स्थिति में पहुंच रहा है।

अब तो नगर की ऐतिहासिक धरोहर के पास लोगों द्वारा कचरा घर बनाकर प्रतिदिन कचरा डालने से गंदगी बदबू परेशानियों का कारण बन रही है। नगर की प्राचीन ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित करने की मांग जोर पकड़ रही है।

# बरेली-इटारसी के किन्नरों में क्षेत्र का विवाद, थाने पहुंची शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

किन्नरों का अपना अलग-अलग क्षेत्र होता है इसी क्षेत्र में किन्नरों के दल द्वारा बधाई उगाही की जाती है। होली का त्यौहार हो गया विवाहों की अधिकता बनी हुई है। बरेली के किन्नर क्षेत्र में इटारसी की किन्नर द्वारा अतिक्रमण कर उगाही किए जाने का विवाद अब पुलिस थाने तक पहुंच गया है।

जानकारी के अनुसार राधिका उर्फ काजल किन्नर पुत्री रूप किन्नर निवासी बरेली ने नगर परिषद के पार्षदों एवं पुलिस में शिकायत कर आरोप लगाया है कि इटारसी की लैला किन्नर द्वारा उनके क्षेत्राधिकार में हस्तक्षेप किया जा रहा है। मना करने पर गाली गलौच जान से मारने की धमकी दी गई अभद्र भाषा का उपयोग किया गया।



**पुलिस थाने में शिकायत :** किन्नर समाज के लोगों ने नगर परिषद के पार्षदों गणमान्य नागरिकों के साथ पत्रकारों को संपूर्ण घटना से अवगत कराने के साथ पुलिस थाने पहुंच कर शिकायत भी ज्ञापन के माध्यम से की है। पीड़िता राधिका उर्फ काजल किन्नर ने इटारसी की लैला किन्नर के द्वारा उनके क्षेत्राधिकार में उगाही करने और घटना से भय तनाव का माहौल बनने से रोकने पुलिस प्रशासन से हस्तक्षेप कार्रवाई की मांग की है।

**इनका कहना है**

किन्नर समाज की ओर से ज्ञापन प्राप्त हुआ है मामले की जांच की जा रही है तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
- **कपिल गुप्ता**, थाना प्रभारी बरेली।

## पुराने दमकल वाहनों के भरोसे जिला, आग से निपटने के इंतजाम नाकाफी

# रायसेन नपा सिर्फ दो फायर बिग्रेड के भरोसे एक कबाड़, दूसरी पानी टैंकर के उपयोग में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

गर्मी की शुरुआत होते ही जिले में आगजनी की घटनाओं का खतरा बढ़ने लगा है। लेकिन आग से निपटने के लिए शहर सहित जिले के इंतजाम बेहद कमजोर नजर आ रहे हैं। स्थिति यह है कि जिले की नगर पालिका रायसेन और अन्य स्थानीय निकायों के पास मौजूद दमकल वाहन पुराने और खस्ताहाल हो चुके हैं। कई वाहनों में तकनीकी खराबियां हैं, तो कुछ लंबे समय से मरम्मत के इंतजार में खड़े हैं।

ऐसे में अगर किसी आगजनी जैसे बड़े हादसे की स्थिति बनती है तो आग पर काबू पाना जिला व पुलिस प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन सकता है।

खेतों में खड़ी गेहूं की फसल पककर तैयार है, ऐसे में बिजली तार से गिरने वाली चिंगारी या आगजनी की कोई अनहोनी उन्हें मुश्किल में डाल सकती है। पिछले साल आगजनी से करीब 18 करोड़ की फसले जलकर खाक हो गई थी जिससे किसानों को परेशानी उठानी पड़ी थी।

जिले में गर्मी के दिनों में हर साल किसानों के खेतों, गोदामों, दुकानों मकानों, बाजारों और रिहायशी इलाकों में आग लगने की घटनाएं सामने आती हैं। जिससे उनको बेवजह भारी नुक़सान उठाना पड़ता है। इसके बावजूद फायर ब्रिगेड व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। जिम्मेदार अधिकारी भी इस ओर खास ध्यान नहीं दे रहे।






### कई दमकल वाहन हो चुके पुराने, तो कुछ कंडम स्थिति में

नगर पालिका रायसेन के पास मौजूद दमकल वाहन कई साल पुराने हो चुके हैं। इनमें से कुछ वाहनों की हालत इतनी खराब है कि उन्हें घटनास्थल तक पहुंचाने में भी दिक्कत होती है। कई बार रास्ते में ही वाहन बंद होने की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं। फायर बिग्रेड स्टेशन प्रभारी शशिकांत मोहडे सहित फायर ब्रिगेड कर्मचारियों का कहना है कि लंबे समय से नए टैंकर और आधुनिक उपकरणों की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक उखरीदी नहीं हो सकी है। कई बार छोटे टैंकरों से आग बुझाने के लिए कई चक्कर लगाने पड़ते हैं। फिलहाल नगर पालिका रायसेन के पास एक बड़ी, एक छोटी दमकल मौजूद है। एक दमकल सड़क पर दौड़ने लायक नहीं है। तो एक कबाड़ हो चुकी है।

### नए टैंकरों खरीदी भी अटकी

जानकारी के अनुसार जिले की स्थानीय निकायों में कुछ नए पानी टैंकर भी तकनीकी खराबी के कारण लंबे समय से उपयोग में नहीं हैं। इनकी मरम्मत समय पर नहीं होने से फायर ब्रिगेड की क्षमता और भी कम हो गई है। वहीं नए दमकल वाहनों की खरीदी का प्रस्ताव भी लंबे समय से फाइलों में अटका हुआ है।

### इन क्षेत्रों में सबसे ज्यादा खतरा

जिले के कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां आग लगने की घटनाएं ज्यादा होती हैं। खासकर बाजार क्षेत्र, गोदामों के आसपास, औद्योगिक क्षेत्र मंडीदीप और ग्रामीण क्षेत्रों में खेत-खलिहान आगजनी के लिहाज से संवेदनशील माने जाते हैं। गर्मी के मौसम में सूखी गेहूं फसल, फसल अवशेष और तेज हवाओं के कारण आग तेजी से फैल जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों में समस्या और भी ज्यादा बढ़ जाती है। क्योंकि वहां दमकल वाहन पहुंचने में काफी समय लग जाता है। कई बार ग्रामीणों को ही अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश करनी पड़ती है।

### हर साल होता है नुकसान

जिले में हर साल आगजनी की घटनाओं से किसानों, व्यापारियों और आम लोगों को बेवजह लाखों करोड़ों रुपये का नुकसान उठाना पड़ता है। खेतों में खड़ी फसल, गोदामों में रखा अनाज और दुकानों का सामान आग की चपेट में आ जाता है। इसके बावजूद फायर सेफ्टी को लेकर गंभीर प्रयास नहीं किए जा रहे हैं।

### जिम्मेदारों की उदासीनता

फायर फाइटरों का कहना है कि कई बार अधिकारियों को स्थिति से अवगत कराया गया।लेकिन समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। उनके पास आग बुझाने के उपकरण शूट सहित अन्य जरूरी उपकरण सामान भी नहीं है।यदि समय रहते नए दमकल वाहन और उपकरण उपलब्ध नहीं कराए गए तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जिले में आधुनिक दमकल वाहन, पर्याप्त पानी के टैंकर और फायर स्टेशन की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि आगजनी की घटनाओं से समय रहते प्रभावी तरीके से निपटा जा सके।

### इनका कहना है

नगर पालिका के पास एक बड़ी और एक छोटी दमकल है, दो फायर ब्रिगेड कंडम हो चुकी है। हमने वरिष्ठ कार्यालय भोपाल को अवगत करा दिया है। बजट आने के बाद खराब दमकलों में सुधार कार्य कराया जाएगा।

- **सुश्री सुरेखा जाटव,** सीएमओ, नपा रायसेन।

## आचार्य विद्यासागर गोशाला में प्रबंधन की लापरवाही

- गोशाला में भूख-प्यास और इलाज के अभाव में गोमाता की दयनीय स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज



जीव-दया और अहिंसा के मार्गदर्शक आचार्य विद्यासागर महाराज के नाम पर संचालित रमपुरा स्थित गौशाला अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। कभी सेवा और करुणा का केंद्र मानी जाने वाली यह गौशाला अब अव्यवस्थाओं का 'यातना गृह' बन चुकी है। यहां गौमाता प्रबंधन की घोर लापरवाही और संवेदनहीनता की भेंट चढ़ रही हैं।

स्थानीय सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गौशाला में दर्जनों गायें इस समय जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रही हैं। पर्याप्त चारा न मिलने के कारण कई गायें कंकाल में तब्दील हो चुकी हैं, वहीं भीषण गर्मी और पानी की समुचित व्यवस्था न होने से बेजुबान पशु तड़प रहे हैं। सबसे भयावह स्थिति बीमार गायों की है, जिन्हें न तो समय पर दवा मिल रही है और न ही किसी पशु चिकित्सक की सुविधा।

### प्रबंधन की रहस्यमयी चुप्पी

हैरानी की बात यह है कि गौशाला प्रबंधन इन गंभीर हालातों को जानकर भी मौन साधे हुए है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि दान और सहयोग मिलने के बावजूद गौशाला की राशि का सही उपयोग नहीं हो रहा है। चारे के गोदाम खाली हैं और गायों के बाड़ों में गंदगी का अंबार लगा है, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ गया है।

### अस्तित्व पर संकट

आचार्य श्री के नाम पर बनी इस संस्था में ऐसी हृदय विदारक तस्वीरें सामने आना न केवल चिंताजनक है, बल्कि धर्म और सेवा के मूल्यों पर भी प्रश्नचिह्न लगाता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि तुरंत इस मामले में हस्तक्षेप किया जाए और गौशाला के वर्तमान प्रबंधन की जांच कर उन पर कठोर कार्रवाई की जाए।

### ग्रामीणों की मांग:

गौशाला में बीमार गायों के लिए तुरंत इमरजेंसी मेडिकल टीम भेजी जाए। चारे व पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित हो। गौशाला के कोष और प्रबंधन की उच्च स्तरीय जांच हो।

### इनका कहना है

मामला आपके द्वारा संज्ञान में आया है, जांच दल गठित कर गौशाला की जांच करवाते है, यदि अनियमितता मिलती है तो वैधानिक कार्यवाही करेंगे।

- **अंकित जैन,** एसडीएम गैरतगंज।

## खबर संक्षेप

### 779 वृद्धजन अयोध्या के लिए आज होंगे रवाना

**रायसेन।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत अयोध्या तीर्थ यात्रा आयोजित की जा रही है। जिले से आयोध्या तीर्थ दर्शन यात्रा के लिए चयनित 779 तीर्थ यात्री 11 मार्च को दोपहर 1 बजे रानी कमलापति रेल्वे स्टेशन भोपाल पहुचेंगे तथा वहां से ट्रेन के माध्यम से अयोध्या के लिए रवाना होंगे। तीर्थ यात्रियों को रेल्वे स्टेशन भोपाल पहुंचाने तथा यात्रा उपरांत वापस लाने जिला प्रशासन द्वारा ब्लॉक और तहसील स्तर पर वाहन व्यवस्था की गई है। यात्रियों को 11 मार्च को दोपहर लगभग 12 बजे वन परिसर रायसेन से भोपाल के लिए रवाना किया जाएगा।

### बोलेरो-ट्रक में टक्कर, एक की मौत, दो गंभीर

**रायसेन।** जिले के उदयपुरा बायपास पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 लोग गंभीर घायल हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उदयपुरा के घाना जोड़ के आगे एक बोलेरो जीप सड़क क्रॉस कर रही थी, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं ट्रक अनियंत्रित होकर पलटते हुए सड़क किनारे जा गिरा। बोलेरो में कुल 4 लोग सवार थे। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि एक व्यक्ति सुरक्षित बच गया।

## जनसुनवाई में पहुंची महिलाएं, शराब बंद कराने रखी मांग

### शराब बेच रहे लोगों पर कार्रवाई की भी मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में ग्राम चांदपुर की महिलाओं ने पहुंचकर कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा से गांव में बिक रही अवैध शराब पर रोक लगाने की मांग की।

कलेक्टर को सौंपे शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया है कि गांव के कुछ लोग अवैध शराब बेच रहे हैं। जिन लोगों के नाम लिखे गए हैं, उनमें प्रमुख रूप से भाऊ, लखरी, संजय, राधा बाई, हीरा हरिजन आदि शामिल हैं। इन पर आरोप है कि ये लोग गांव चांदपुर की गलियों में अवैध शराब बेच रहे हैं। इससे गांव का माहौल खराब हो रहा है और बच्चों व युवाओं पर गलत प्रभाव पड़ रहा है।

शिकायत में कहा है कि शराब पीकर झगड़े, महिलाओं लड़कियों से छेड़छाड़ गाली-गलौज और विवाद हो रहे हैं। ग्रामीणों ने कई बार समझाने की कोशिश की, लेकिन आरोप है कि वे लोग धमकी देते हैं और कहते हैं कि शिकायत करने वालों को झूठे मामलों में फंसा देंगे। मामले की जांच कर अवैध शराब बिक्री बंद कराई जाए। संबंधित लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जाए।

## अंधे हत्याकांड का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन/बाड़ी

बाड़ी पुलिस ने अंधे हत्याकांड के एक मामले का पर्दाफाश करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना और जांच के आधार पर आरोपी को पकड़ा और घटना में प्रयुक्त हथियार भी जब्त किया है।

पुलिस के अनुसार बीते 1-2 मार्च की दरमियानी रात अज्ञात आरोपी ने कांतीबाई पाल और चिंतेश पाल के साथ धारदार हथियार से मारपीट की थी। मामले में चिंतेश पाल की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। गंभीर घायल कांतीबाई की इलाज के दौरान मौत हो गई, जिसके बाद मामले में हत्या की धारा भी जोड़ दी गई।

जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि घटना को देवीराम पाल (60) निवासी वार्ड नंबर 8 पाल मोहल्ला बाड़ी ने अंजाम दिया था। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में इस्तेमाल फावड़ा जब्त किया।

आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी देवीराम पाल आपराधिक प्रवृत्ति का है और उसके खिलाफ पहले भी हत्या व मारपीट जैसे गंभीर अपराध दर्ज हैं।

### जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा

## जिला जल स्वच्छता मिशन की बैठक का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में जिला जल स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित की गई। जिसमें जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित नलजल योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में पीएचई विभाग के प्रभारी ईई गिरीश कांबले तथा एसडीओ नलिन सिरोही सहित जल विकास निगम के आला अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा विभागीय अधिकारी-कर्मचारी तथा समिति के सभी सदस्य भी मौजूद रहे। समीक्षा बैठक में जिले में संचालित एकल एवं समूह जल प्रदाय नलजल योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अधिकारियों ने जल जीवन मिशन के तहत जिले में चल रहे कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि योजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।



### कलेक्टर ने प्रशस्ति पत्र से किया सम्मानित

इस दौरान नलजल योजना के सफल क्रियान्वयन में सहयोग करने वाले प्लम्बर, वॉल्वमैन और पंप ऑपरेटरों को कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया।

विभाग की लापरवाही से कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

## 50 साल पुराना जुनिया नदी पुल बना मौत का जाल, ग्रामीण बोले- बिनी रेलिंग के सुरक्षा कैसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

प्रशासनिक उदासीनता और विभागीय लापरवाही का एक और उदाहरण सिलवानी क्षेत्र में देखने को मिल रहा है।

- प्रशासन और एमपीआरडीसी विभाग की चुप्पी सवालों के घेरे में

स्टेट हाईवे 44 पर स्थित जुनिया नदी का पुल लोगों की जान पर बन आया है। विधानसभा मुख्यालय से मात्र चार किलोमीटर की दूरी पर होने के बावजूद यह पुल पिछले कई वर्षों से बिना रेलिंग और बिना सुरक्षा व्यवस्था के ही चालू है।

यह पुल स्टेट हाईवे 4 पर स्थित है। मुख्य मार्ग होने से यहां से रोजाना सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन जिनमें- स्कूल बसें, एंबुलेंस, ट्रक, ट्रैक्टर-ट्रॉली, दोपहिया और चार पहिया वाहन शामिल हैं। हाईवे का यह हिस्सा अत्यधिक व्यस्त रहता है, परंतु सड़क सुरक्षा के बुनियादी मानकों की खुलेआम धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं।



### पुल पर ऊपर रैलिंग नहीं, अंदर से भी हो रहा जर्जर

स्टेट हाईवे 44 पर स्थित जुनिया नदी पर बना पुल जिसे कि जुनिया पुल के नाम से जाना जाता है। यह पुल करीब 50 साल पुराना होना बताया जा रहा है। एमपीआरडीसी के पास इस पुल के रखरखाव की जिम्मेदारी है। लेकिन बताया जा रहा है कि पुल अंदर से जर्जर हालत में पहुंचता जा रहा है। हालांकि बाहरी रंग रोगन हो जाने के चलते पुल की जर्जर हालत दिखाई नहीं देती है।

### एमपीआरडीसी विभाग बना मूकदर्शक

यह पुल एमपीआरडीसी के अधीन आता है, लेकिन विभागीय अधिकारी मानो इस समस्या से अनजान बनकर बैठे हैं। प्रशासन और विभागीय इंजीनियरों ने अब तक न तो रेलिंग लगवाई है, न ही चेतावनी बोर्ड लगाए हैं। सड़क पर रात में कोई रिफ्लेक्टर या साइड लाइट तक नहीं है, जिससे यह पुल दुर्घटना के लिए आमंत्रण दे रहा है। यह पुल किसी भी समय बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। अगर अब भी रेलिंग नहीं लगाई गई, तो प्रशासन सीधे तौर पर जिम्मेदार होगा।

### बिना रेलिंग के पुल पर हर पल मंडराता खतरा

पुल के दोनों ओर कोई रेलिंगए बैरियर या चेतावनी संकेत नहीं हैं। रात के समय या बारिश के दौरान जब दृश्यता कम होती है तो वाहन चालकों के लिए पुल पार करना बेहद जोखिम भरा हो जाता है। कई बार वाहन फिसलकर पुल के किनारे तक पहुँच चुके हैं। ग्रामीणो का कहना है कि यहाँ कई छोटे-मोटे हादसे पहले भी हो चुके हैं लेकिन प्रशासन की नींद अब तक नहीं टूटी। रहवासी रामकुमार, जगदीश और मोहनलाल बताते हैं यह पुल बनते समय ही रेलिंग नहीं लगाई गई थी। हमने कई बार शिकायतें कीं, यहां तक कि अधिकारियों से सीधे मुलाकात की, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया।

### सड़क पर विचरण करते मवेशियों से राहगीर हो रहे परेशान

## रमजान के बाजार में आवारा मवेशियों का आतंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज

एक ओर जहां रमजान के पाक महीने में बाजारों में रौनक बढ़ी है, वहीं दूसरी ओर सड़कों पर घूमते आवारा मवेशी आम जनमानस और रोजेदारों के लिए बड़ी मुसीबत बन गए हैं। स्थिति यह है कि फल, सब्जी या इफ्तारी का सामान लेकर बाजार से गुजरना किसी जोखिम से कम नहीं रह गया है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि जैसे ही कोई व्यक्ति दुकान से फल या इफ्तार की सामग्री खरीदकर बाहर निकलता है, ये मवेशी झुंड बनाकर हमला कर देते हैं। जरा सी सावधानी हटने पर ये मवेशी थैलों पर झपट्टा मारते हैं, जिससे न केवल आर्थिक नुकसान होता है, बल्कि कीमती सामान सड़कों पर बिखर कर 'जमींदोज' हो जाता है। कई मामलों में तो मवेशियों के आपसी संघर्ष के कारण राहगीर चोटिल भी हो रहे हैं।

शाम के वक्त जब लोग इफ्तार की तैयारी में व्यस्त होते हैं, उस समय बाजारों में भारी भीड़ रहती है। आवारा गायों और सांडों के कारण सबसे ज्यादा परेशानी बुजुर्गों और बच्चों को हो रही है। लोगों का कहना है कि मेहनत की कमाई से खरीदी गई खाद्य सामग्री को मवेशियों द्वारा बर्बाद होते देखना दुखद है।




स्थानीय प्रशासन और नगर निगम की कार्यप्रणाली पर अब सवाल उठने लगे हैं। निवासियों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद पशु पकड़ने का अभियान ठंडे बस्ते में है। बाजारों में गंदगी और खुले कचरे के कारण मवेशियों का जमावड़ा बढ़ रहा है। पशु मालिकों पर जुर्माना लगाने की प्रक्रिया कागजों तक ही सीमित है। जनता की मांग है कि रमजान और आने वाले त्योहारों के मद्देनजर प्रशासन को तुरंत 'स्पेशल टास्क फोर्स' गठित कर इन मवेशियों को गौशालाओं में स्थानांतरित करना चाहिए। यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

### मवेशिसों से बढ़ी परेशानी

हम दिन भर रोजा रखते हैं और शाम को जब इबादत और इफ्तार का वक्त होता है, तब सड़कों पर इन मवेशियों से बचकर निकलना एक जंग जैसा लगता है। प्रशासन को इस पर तुरंत सख्त कार्यवाही करनी चाहिए।

– **रफीक खान,** रहवासी गैरतगंज।

### इनका कहना है

आवारा मवेशियों को पकड़कर गौशाला भेजा जावेगा। और मुनादी कराकर पशु मालिकों से भी अनुरोध किया जावेगा कि वह अपने पशुओं को घर पर बांधकर रखें।

- **सुधीर उपाध्याय,** सीएमओ, नप गैरतगंज।

## 15 बकायादारों के कनेक्शन काटे 30 उपभोक्ताओं ने जमा किया बिल

### बकायादारों पर बिजली विभाग की लगातार कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

बिजली कंपनी के कर्मचारियों ने मंगलवार को दीवानगंज के सागोनी मोहल्ला में बकाया बिजली बिल को लेकर कार्रवाई करते हुए 15 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काट दिए। कार्रवाई के दौरान सख्ती देखते ही 30 उपभोक्ताओं ने मौके पर ही बिजली बिल जमा कर दिए।

बता दें कि कि एक दिन पहले भी सागोनी मोहल्ला में करीब 25 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन बकाया बिल जमा न करने के कारण काटे गए थे। बिजली कर्मचारियों के अनुसार जिन उपभोक्ताओं पर लंबे समय से बिजली बिल बकाया है, उनके खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।



बिजली कंपनी के कर्मचारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी दिनों में दीवानगंज के तालाब मोहल्ला, गुसाई मोहल्ला, कोरी मोहल्ला, मेन रोड सहित अंबाडी और सेमरा तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी बकाया बिजली बिल वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे जाएंगे। इसलिए बकायादार उपभोक्ताओं से समय पर बिजली बिल जमा करने की अपील की गई है। जिन उपभोक्ताओं के ऊपर दो हजार रुपए से ज्यादा बिजली का बिल बकाया है उन सभी के उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे जाएंगे।